**कोटा–बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड**

अकेलगढ, रावतभाटारोड, कोटा (राज.) – 324 010

***ISO 9001:2015& ISO22000:2018 (FSMS) Certified Dairy***

रजिस्ट्रेशन संख्या:1875 R GST: 08AABAK2482L1ZE FSSAI License No.10012013000248

E-mail: ktamu-rj@nic.in, kotadairy@yahoo.co.in Customer Care/Help Line: 9829891599

सन्दर्भ: KD/23-24/F.PEST CONTROL/ 19233-239 दिनांक: 15.02.2024

## ई–निविदा सूचना

इस कार्यालय द्वारा डेयरी उद्योग/फुड प्रोसेसिंग इण्डस्ट्रीज में अनुभवी निविदादाताओं से जोकि श्रम विभाग, भविष्य निधि विभाग, ई.एस.आई. विभाग एवं जी.एस.टी. इत्यादि मे पंजीकृत हो, से कोटा डेयरी परिसर में पेस्ट कन्ट्रोल के कार्य के लिए वार्षिक अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र में ऑनलाईन निविदायें, दो भागों में (1) तकनीकी निविदा (2) वित्तीय निविदा, निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| निविदा कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) | निविदा शुल्क (रुपये) | धरोहर राशि (रुपये) | ई–टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क (रुपये) MD RISL, Jaipur को देय | निविदा–प्रपत्र ऑनलाईन डाऊनलोड करने की दिनांक/समय | निविदा–प्रपत्र ऑनलाईन अपलोड करने की अन्तिम दिनांक/समय | निविदा शुल्क व ई–टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क जमा कराने की अतिम दिनांक/समय | ऑनलाईन निविदा खोले जाने की दिनांक/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5.00 | 590 | 10,000 | 500 | 16.02.2024 प्रातः 11.00 बजे से | 27.02.2024 सॉय 4.00 बजे तक | 28.02.2024 सॉय 4.00 बजे तक | 29.02.2024 को दोपहर 1.00 बजे |

निविदा की विस्तृत जानकारी http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है

निविदा के साथ धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क बजरिये अलग अलग डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे आर्डर जोकि **कोटा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., कोटा** के पक्ष मे देय होगा एवं 500 रुपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे आर्डर जोकि MD RISL, Jaipur के नाम देय होगा, संघ कार्यालय में जमा कराना होगा। अन्यथा निविदा स्वीकृत नहीं की जावेगी।

किसी भी/समस्त निदाओं को बिना कराण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

अन्य किसी जानकारी के लिए श्री शान्तनु कुमार, 9829184133 से सम्पर्क किया जा सकता है।

**नोटः**

01 निविदा फार्म मय शर्तो सहित ऑन–लाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर निविदा सूचना में दर्शाये अनुसार डाऊनलोड तथा निविदा प्रपत्र को भरकर मय डिमाण्ड ड्राफ्ट वेबसाईट पर निर्धारित प्रपत्र में अपलोड किया जा सकता है।

02 निविदा की समस्त प्रक्रियायें ऑनलाईन होगी।

03 इन निविदाओं में रुचि लेने वाले निविदादाता प्रपत्र को वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में सम्बन्धित कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा कराना आवश्यक होगा।

(कृ. प. उ.)

कोटा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड
अकेलगढ, रावतभाटा रोड, कोटा – 324 010
E-mail: kotadairy@yahoo.co.in



04 निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाताओं को वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑनलाईन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेशन इन्फोरमेशन टेक्नोलोजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा जोकि इलेक्ट्रोनिक निविदा में साईन करने हेतु काम आएगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सी.सी.ए. (C.C.A.) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी (NIC or safecrypt का msapplitechtendercity.com (India) Pvt. Ltd.) से प्राप्त कर सकते है जिन निविदादाताओं के पास पूर्व में वैद्य डिजिटल सर्टिफिकेट है उन्हें नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।

प्रबन्ध संचालक

प्रतिलिपिः

01 प्रभारी (पी एण्ड आई)/लेखाधिकारी/प्रभारी (क्रय)/प्रभारी सयंत्र/प्रभारी (गुण. नियंत्रण)/प्रभारी (एम.आई.एस.), कोटा दुग्ध संघ, कोटा।

02 प्रभारी विज्ञापन } को भेज कर लेख है कि निविदा सूचना नियमानुसार समाचार पत्र में प्रकाशित करवाने का श्रम करें।

03 सूचना पट्ट, कोटा कार्यालय

04 कार्यालय पत्रावली/मास्टर फाईल

प्रबन्ध संचालक

# कोटा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड

अकेलगढ, रावतभाटा रोड, कोटा (राज.) – 324 010

*ISO 9001:2015 & ISO 22000:2005 (FSMS) Certified Dairy*

*E-mail: kotadairy@yahoo.co.in*

सरस


## तकनीकी निविदा प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या एवं दिनांक | : | KD/23-24/F.PESTCONTROL/ दिनांक 15.02.2024 |
| निविदा कार्य का विवरण | : | कोटा डेयरी सयंत्र पर पेस्ट कन्ट्रोल का कार्य |
| निविदा–प्रपत्र ऑनलाईन डाऊनलोड करने की दिनांक/समय | : | 16.02.2024 प्रातः 11.00 बजे से 27.02.2024 दोपहर 12.00 बजे तक |
| तकनीकी एवं वित्तीय निविदा–प्रपत्र ऑनलाईन अपलोड करने की अन्तिम दिनांक/समय | : | 27.02.2024 साँय 4.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क व ई–टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क कार्यालय में जमा कराने की अतिंम दिनांक/समय | : | 28.02.2024 साँय 4.00 बजे तक |
| तकनीकी एवं वित्तीय ऑनलाईन निविदा खोले जाने की दिनांक/समय | : | दिनांक 29.02.2024 को साँय 1.00 बजे |

| **निविदा शुल्क का विवरण** | रुपये | ड्राफ्ट संख्या | दिनांक | बैंक का नाम |
|---|---|---|---|---|
| निविदा शुल्क | 590 | | | |
| ई–टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क | 500 | | | |
| अमानत राशि | 10,000 | | | |

| **तकनीकी निविदा के साथ निम्न पत्रदि की प्रतियाँ अपलोड करें:** | | नम्बर | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 01 | साझेदारी फर्म डीड कम्पनी एक्ट का प्रमाण पत्र | | |
| 02 | अधिकार पत्र की मूल प्रति | | |
| 03 | कीटनाशी अनुज्ञा प्रमाण पत्र | | |
| 04 | श्रम विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र (Contract Labour Regulation & Abolishion Act 1970 Form No. 6) | | |
| 05 | पी.एफ. रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र | | |
| 06 | ई.एस.आई. रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र | | |
| 07 | GST रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र | | |
| 08 | आयकर PAN No | | |
| 09 | बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर की फोटो प्रति (590+500+10,000) | | |
| 10 | उद्योग/प्रोसेसिंग इण्डस्ट्रीज में में कार्य करने के अनुभव प्रमाण पत्र | | |
| 11 | प्रोप्राईटर/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का आधार कार्ड | | |
| 12 | हस्ताक्षरित शर्तें | | |
| 13 | अन्य विवरण | | |

**उपरोक्त समस्त सूचनाओं से सम्बन्धित दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति तकनीकी निविदा के साथ ऑलाईन अपलोड करना अनिवार्य है।**

| केमिक्लस / पेस्टीसाईड्स जोकि कार्य में उपयोग लाये जायेंगे (ब्राण्ड आदि का विवरण देवें) | |
|---|---|
| 1. Flying Insects के लिए | : |
| 2. Rat control के लिए डॉक आदि पर | : |
| 3. Birds के लिए | |
| 4. Other Insects के लिए | : |

Chemials to be used should be mentioned in the above Colums & chemicals/ pesticides or any other electronic sensor etc. should be approved by the competent authority/ Government department/WHO etc and should have no negative impact on milk and milk products.

**घोषणा**

मैं ............................................................ पुत्र श्री ........................................................ निवासी .................................. घोषणा करता हूँ कि मैं तकनीकी एवं वित्तीय निविदा प्रपत्र को हस्ताक्षर करने के लिए पूर्णतया अधिकृत हूँ, उपरोक्त दी गई समस्त जानकारी सही हैं, मैंने निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तों को पढ/सुन/एवं समझ लिया हैं तथा इनका पूर्णतया पालन करने के लिए प्रतिबद्ध होता हूँ। तकनीकी निविदा में उपयुक्त नहीं पाये जाने पर मैं धरोहर राशि का ड्राफ्ट/पे आर्डर बिना उज्र वापस प्राप्त करूँगा।

मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि हमारे फर्म को राजस्थान कॉऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि. जयपुर या सबद्ध दुग्ध संघ द्वारा कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं की गई हैं। यदि निविदा स्वीकृत होने या अनुबन्ध होने के बाद हमारे फर्म को ब्लैक लिस्टेड होने की जानकारी मिलती है तो हमारे निविदा/अनुबन्ध तत्काल को निरस्त कर अमानत राशि जब्त करने का अधिकार संघ को होगा।

पूर्ण हस्ताक्षर निविदादाता..........................................

नाम..........................................................................................

पता..........................................................................................

.............................................................फोन नम्बर ..............................

ई–मेल.......................................................................................

कोटा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड
अकेलगढ़, रावतभाटा रोड, कोटा (राज.) – 324 010
*ISO 9001:2015 & ISO 22000:2005 (FSMS) Certified Dairy*
*E-mail: kotadairy@yahoo.co.in*

सरस

## निविदा प्रपत्र भरने के लिए आवश्यक निर्देश

यह निविदा प्रपत्र दो भागों तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के रूप में विभाजित है।

निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा प्रपत्र को डाऊनलोड कर पूर्ण अध्ययन करें एवं तकनीकी निविदा व वित्तीय निविदा में चाही गई जानकारी यथा स्थान पर पूर्ण करें। सम्पूर्ण रूप से भरे हुए तकनीकी एवं वित्तीय निविदा प्रपत्र मय वाँछित दस्तावेज/ड्राफ्ट को स्केन कर निर्धारित साईट पर अपलोड करें।

इन निविदाओं में रुचि लेने वाले निविदादाता प्रपत्र को वेबसाईट http://eproc. rajasthan.gov.in या http://sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में सम्बन्धित कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा कराना आवश्यक होगा। अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

यदि तकनीकी निविदा में कोई निविदादाता निविदा समिति द्वारा उपयुक्त नहीं समझा जाता है तो निविदा समिति तत्काल निविदा निरस्त कर उसका बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर लौटा देगी। इसमें पूर्ण अधिकार निविदा समिति का सुरक्षित होगा तथा कोई भी निविदादाता समिति के निर्णय पर प्रश्न करने का अधिकारी नहीं होगा।

निविदा की समस्त प्रक्रियायें ऑनलाईन होगी।

निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फोरमेट में उपरोक्त दर्शाई वेबसाईट पर डिजिटल साईन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिनके प्रस्ताव डिजिटल साईन के नहीं होगे उनके प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

ऑनलाईन निविदायें निर्धारित दिनांक एवं समय पर खोली जावेगी। अगर उस दिन का अवकाश रहता है तो निविदा अगले दिन निश्चित समय पर खोली जावेगी। अपरिहार्य कारणवश यदि निविदायें खोलने की तिथि में कोई परिवर्तन होता है तो निविदादाता को ईमेल के द्वारा सूचित किया जाएगा।

इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्र को जमा कराने से पूर्व निविदादता यह सुनिश्चित कर लेवें कि निविदा प्रपत्र से सम्बन्धित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्र के साथ अटैच कर दी गई है।

कोई भी टेण्डर इलेक्ट्रोनिकी डिफाल्ट के कारण यदि साईट पर निर्धारित दिनांक एवं समय पर अपलोड नहीं हो पाता है या अन्य किसी कारण से बिड अपलोड नहीं हो पाती है तो उसमें संघ की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी और कोई भी व्यक्ति इसके लिए कोई विवाद प्रस्तुत नहीं कर सकेगा।

निविदादाता को निविदा के नियम एवं शर्तों का विवरण भली प्रकार पढ एवं समझ लेना चाहिए तथा नियमों की स्वीकृति स्वरूप शर्तों के प्रत्येक पृष्ट पर अन्त में निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर एंव फर्म की सील लगानी चाहिए। अन्यथा निविदा प्रपत्र मान्य नहीं होगा तथा तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा। वाँछित दस्तावेजों के अभाव में निविदायें अमान्य होगी। अमानत राशि नगद स्वीकार नहीं की जावेगी।

संघ के संचालक मण्डल के निर्णयानुसार राजस्थान कॉऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि. जयपुर या सबद्ध दुग्ध संघ द्वारा ब्लेक लिस्टेड ठेकेदारों/सप्लायरों द्वारा प्रस्तुत निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदा स्वीकृत करने या अनुबन्ध होने के बाद निविदादाता की ब्लैक लिस्टेड होने की जानकारी मिलती है तो निविदा/अनुबन्ध तत्काल निरस्त कर अमानत राशि जब्त कर ली जावेगी और कोई भी निविदादा/अनुबन्धकर्ता इसके लिए उत्तरदायी होगा।

कोटा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड
अकेलगढ, रावतभाटा रोड, कोटा (राज.) – 324 010
*ISO 9001:2015 & ISO 22000:2005 (FSMS) Certified Dairy*
*E-mail: kotadairy@yahoo.co.in*

## पेस्ट कन्ट्रोल कार्य हेतु निविदा प्रपत्र भरने के लिए अनुदेश एवं शर्तें

01 निविदादाता नियम एवं शर्तों को अच्छी तरह पढ व समझ कर प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर करें। **पंजीकृत लिमिटेड कम्पनी/पार्टनरशिप फर्म होने पर पंजीयन प्रमाण पत्र/पार्टनरशिप डीड की प्रति एवं फर्म/समस्त हिस्सेदारों का अनापत्ति प्रमाण पत्र सलंग्न करना आवश्यक होगा व अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता को निविदा प्रपत्र भरने का अधिकार पत्र मूल सलंग्न करना होगा।**

02 निविदा प्रपत्र बाल पाईन्ट पेन से साफ एवं स्पष्ट शब्दों में भरें। कटिंग एवं ओवर राईटिंग पर निविदादाता अपने लघु हस्ताक्षर अंकित करें।

03 **वित्तीय निविदा (BOQ Excel Sheet) में मात्र दर का उल्लेख करना होगा तथा केवल निर्धारित साईट पर अपलोड करना होगा। निविदा दर दिनांक 01.11.2023 को प्रचलित न्यूनतम मजदूरी दरों को आधार मानकर दी जावें।** न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अनुसार ठेकेदार को कुशल/अर्धकुशल एवं अकुशल श्रमिकों के लिये राज्य सरकार द्वारा घोषित मजदूरी दर के अनुरूप श्रमिकों को भुगतान करना अनिवार्य होगा।

04 निविदा में वही फर्मे भाग ले सकेगी जिनके पास कीटनाशी अनुज्ञा पत्र होगा तथा इस हेतु जारी लाईसेन्स की प्रति निविदा पत्रों के साथ अपलोड करना होगा।

05 दी हुई निविदा तीन माह तक वैद्य होगी। निविदा खोले जाने के बाद संघ की सम्पत्ति होगी व निविदादाता का उस पर कोई अधिकार नहीं होगा व अशुद्धी सुधार का अवसर नहीं दिया जाएगा।

06 निविदादाता को पूर्ण रूप से भरी हुई तकनीकी निविदा एवं निविदा प्रपत्र में अंकित अनुसार अलग अलग पे आर्डर अथवा बैंक ड्राफ्ट जो कोटा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि./एम.डी. आर.आई.एस.एल. के नाम से देय हो निर्धारित साईट पर अपलोड करना होगा तथा मूल निविदाप्रपत्र मय पे आर्डर अथवा बैंक ड्राफ्ट निविदा फर्म में अंकित दिनांक एवं समय तक कार्यालय में जमा कराना होगा। तकनीकी निविदा के साथ वॉछित पे ऑर्डर/बैंक ड्राफ्ट निर्धारित साईट पर अपलोड नहीं होने अथवा मूल प्रति कार्यालय में प्राप्त नहीं होने पर निविदा तत्काल निरस्त कर दी जावेगी एवं वित्तीय निविदा नहीं खोली जावेगी। तकनीकी निविदा के साथ संलग्न ड्रॉफ्ट/पे ऑर्डर संख्या, दिनांक एवं बैंक का नाम निविदा प्रपत्र में निर्धारित स्थान पर अंकित करें। संघ में पेन्डिगं बिल, पूर्व क्लेम को अमानत राशि में समायोजन नहीं किया जावेगा।

07 **वित्तीय निविदा में मात्र दर का उल्लेख निर्धारित साईट पर अपलोड करना होगा।**

08 वित्तीय निविदा उसी निविदादाता का खोला जाएगा जो तकनीकी मापदण्डों पर उपयुक्त पाया जाएगा। तकनीकी निविदा में असफल निविदादाताओं को धरोहर राशि का ड्राफ्ट तत्काल लौटा दिया जाएगा। निविदा शुल्क एवं ई–टेण्डर प्रोसेसिंग शुल्क किसी भी स्थिति में वापस देय नहीं होगा।

09 <u>धरोहर राशिः</u> सफल निविदादाता को अनुबन्ध से पूर्व 20000/– रुपये बतौर धरोहर राशि बजरिये डिमाण्ड ड्रॉफ्ट जमा कराने होंगे इसमें निविदा के समय जमा अमानत राशि धरोहर राशि में समायोजित की जा सकेगी।

10 स्वीकृत निविदादाता को 500.00 रुपए के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध प्रपत्र हस्ताक्षर कर एवं नोटरी पब्लिक से नॉटिफाई करवा कर प्रस्तुत करना होगा। निविदादाता अपने ठेके को किसी अन्य व्यक्ति को ट्रान्सफर नही कर सकेगा

11 स्वीकृत निविदादाता को मूल दस्तावेज माँगने पर कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे एवं कार्य आदेश मिलने के **सात दिनों में कार्य प्रारम्भ** करना होगा। निविदादाता द्वारा निर्धारित अवधि में कार्य प्रारम्भ करने में असमर्थ रहने पर उसकी जमा धरोहर राशि जब्त की जाकर वैकल्पिक व्यवस्था करने का संघ को पूर्ण अधिकार होगा।

12 पेस्ट कन्ट्रोल का कार्य प्रति दिन करना होगा अन्यथा निर्धारित दर से दोगुनी शास्ती आरोपित की जाएगी।

13 स्वीकृत निविदादाता को उत्पादन स्थल, टोयलेट, ड्रेनस आदी स्थल, जहाँ कीट छिपने की अधिकतर सम्भावना रहती है, का विशेष ध्यान रखना होगा।

14 पेस्ट कन्ट्रोल का कार्य में सम्पूर्ण प्लांट, प्रशासनिक भवन एवं प्रशिक्षण भवन एवं आस पास की क्षेत्र सम्मलित होगा एवं अनुबन्धकर्ता को निर्धारित प्रत्येक स्थान पर पेस्ट कन्ट्रोल का कार्य करना होगा एवं सम्बन्धित प्रभारी अधिकारी से कार्य प्रमाण पत्र प्रति दिन कराना होगा।

15 चूँकि कोटा दुग्ध संघ खाद्य पदार्थ उत्पादन सयंत्र की श्रेणी में आती है, इसलिए प्रशिक्षित एवं अनुभवी व्यक्तियों को ही पेस्ट कन्ट्रोल कार्य हेतु नियुक्त करेंगे।

16 स्वीकृत निविदादाता को इस कार्य हेतु प्रयोग में लाने वाले ब्राण्डेड केमिक्लस को इस्तेमाल करने से पूर्व संघ के गुण नियंत्रण शाखा से अनुमोदित कराना होगा।

17 स्वीकृत निविदादाता को प्रति दिन प्लांट में लगाये गये फ्लाई कैचर्स को साफ करना होगा।

18 कोटा डेयरी प्लांट आई.एस.ओ./एफ.एस.एम.एस. अन्तर्गत प्रमाणीकृत संस्था है, इसलिए स्वीकृत निविदादाता को उसी अनुरूप एवं क्षमता को ध्यान रखते हुए कार्य करना होगा तथा निविदा स्वीकृति निविदादाता की इस पृष्टभूमि को देखते हुए की जाएगी।

19 पेस्ट कन्ट्रोल कार्य हेतु केन्द्रीय कीटनाशक एक्ट (Central Insecticide Act) के तहत अनुमोदित केमिक्ल का इस्तेमाल करना होगा एवं इस कार्य हेतु नियुक्त ऑपरेटर सम्बन्धित कार्य में प्रशिक्षित होना चाहिए।

20 निविदादाता के पास पेस्ट कन्ट्रोल कार्य हेतु प्रयोग में लाने वाले केमिक्लस का स्टोर करने एवं पेस्ट केन्ट्रोल कार्य सम्पादित करने का सम्बन्धित विभाग से वैद्य लाईसेन्स प्राप्त होना चाहिए एवं तकनीकी निविदा के साथ सलंग्न करना चाहिए।

21 सफल निविदादाता को श्रमिकों का भविष्य निधि अंशदान/ई.एस.आई. अंशदान नियमानुसार काट कर स्वयं अपने कोड से सम्बन्धित विभाग में जमा कराना होगा एवं जमा राशि के चालानों की प्रतियाँ प्रति माह बिल के साथ प्रस्तुत करनी होगी। अन्यथा बिल से 30 प्रतिशत राशि रोक कर भुगतान किया जाएगा।

22 ठेकेदार को कार्य पर लगायी गई लेबर को दुग्ध संघ द्वारा निर्धारित यूनिफार्म एवं फोटो लगा पहचान पत्र स्वयं के खर्चे पर उपलब्ध कराना होगा। लेबर को संघ डेयरी प्लांट में प्रवेश यूनिफार्म में एवं पहचान पत्र होने पर ही दिया जाएगा। ठेकेदार/उसका प्रतिनिधि प्रति दिन यह भी सुनिश्चित करें कि प्रत्येक लेबर साफ, धुली हुई यूनिफार्म में हैं।

23 **ठेकेदार को उसके द्वारा लगाये जाने वाले कार्मिक/श्रमिक का बैंक अकाऊन्ट खुलवाना होगा तथा कार्मिक/श्रमिकों को प्रति माह 7 तारीख से पूर्व बैंक खाते में भुगतान करना अनिवार्य होगा।**

24 ठेकेदार भविष्य निधि अधिनियम, ई.एस.आई. अधिनियम, शॉप एवं कार्मशियल एक्ट अधिनियम, न्यूनतम भुगतान अधिनियम एवं सम्बन्धित अधिनियमों के प्रावधानों की पालना करने, समायानुसार रिर्टन भरने एवं निरीक्षण कराने के लिए स्वयं उत्तरदायी होगा। संघ का इस सम्बन्ध में कोई दायित्व नहीं होगा। ठेकेदार को अन्तिम बिल एवं उसकी जमा अमानत राशि का भुगतान उक्त अधिनियमों के तहत क्लीन निरीक्षण रिपोर्ट की प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करने पर ही देय होगा।

25 ठेकेदार को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बाल श्रमिक (अवयस्क व्यक्ति) अवांछनीय व्यक्ति अथवा असामाजिक तत्व उसके द्वारा नियोजित न हो।

26 ठेकेदार द्वारा नियोजित लेबर द्वारा संघ के अधिकारियों/सूपरवाईजर/कर्मचारियों के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। लेबर द्वारा निर्देशों का पालन न करने/अभद्रतापूर्वक व्यवहार करने/संघ सम्पत्ती की चोरी अथवा नुकसान पहूँचाने पर उक्त लेबर को कार्य से हटा कर गैट से बाहर कर दिया जावेगा एवं ठेकेदार को तुरन्त उस व्यक्ति के स्थान पर अन्य लेबर उपलब्ध कराना होगा। संघ को हुई हानी की भरपाई ठेकेदार के बिल से की जावेगी।

27 निविदा में वर्णित परिसर के अतिरिक्त परिस्थितिजन्य उत्पन्न अन्य परिसर, जो निर्देशित हो, में भी पेस्ट कन्ट्रोल कार्य करना होगा, जिसके लिए संघ द्वारा वाजिब भुगतान ठेकेदार को किया जावेगा।

28 निविदा में न्यूनतम दर होने से ही कोई निविदादाता ठेका आवंटन का अधिकारी नहीं होगा। अन्तिम निर्णय निविदादाता की पृष्ठ भूमि, अनुभव, पंजीयन आदि आधार पर किया जावेगा जिसके लिए संघ प्रशासन निविदादाता को जवाब देय नहीं होगा। संघ को नेगोशियेशन करने का भी अधिकार होगा।

29 **मूलतः ठेका एक वर्ष के लिए आवंटित किया जावेगा जो दुग्ध संघ के प्रबन्ध संचालक द्वारा इन्हीं शर्तों एवं दरों पर आगामी 1 वर्ष तक और बढाया जा सकेगा।** इसके पश्चात् तीन माह में नए टेण्डर की प्रक्रिया पूर्ण कर नया अनुबन्ध लागू कर दिया जाएगा। इस सम्बन्ध में **प्रबन्ध संचालक** का निर्णय अन्तिम एवं बन्धनकारी होगा। ठेकेदार इस सम्बन्ध में कोई दावा नहीं कर सकेगा।

30 जी.एस.टी. यदि लागू है तो ठेकेदार को उसे बिल में अलग से दर्शाना होगा व उसके जमा चालान की प्रति प्रस्तुत करने पर पुर्नभरण किया जा सकेगा।

31 स्त्रोत पर आयकर की कटौती नियमानुसार की जावेगी एवं निर्धारित प्रमाण पत्र ठेकेदार को उपलब्ध कराया जावेगा।

32 ठेकेदार अनुबन्ध अवधि में ठेका छोडकर नहीं जा सकता है। यदि अनुबन्ध अवधि में ठेकेदार बीच में कार्य छोड़कर जाता है तो संघ स्वीकृत निविदादाता के खर्चे/जोखिम पर वैकल्पिक व्यवस्था करेगा एवं अतिरिक्त लागत तथा अनुबन्ध भंग की शास्ती जो प्रबन्ध संचालक द्वारा निर्धारित की जावेगी, की वसूली ठेकेदार के बिल एवं चल अचल सम्पत्ति से की जावेगी एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी।

33 दोनों पक्षकारों के मध्य विवाद होने पर प्रशासक या अध्यक्ष, कोटा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, कोटा का निर्णय अन्तिम एवं दोनों पक्षकारों पर बन्धनकारी होगा।

34 सफल निविदादाता को दुग्ध संघ का "स" श्रेणी का सदस्य बनना होगा एवं विवादो का निपटारा मध्यस्थ से ना होने/सहमति ना होने कि स्थिति मे सहकारिता अधिनियम के प्रावधानो के अर्न्तगत होगा।

कोटा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड
अकेलगढ़, रावतभाटा रोड, कोटा (राज.) – 324 010
*ISO 9001:2015 & ISO 22000:2005 (FSMS) Certified Dairy*
*E-mail: kotadairy@yahoo.co.in*

35 संघ में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी/संचालक मण्डल के सदस्य एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्य (स्वयं, पत्नि, आश्रित पुत्र एवं पुत्र वधु) निविदा में भाग नहीं ले सकेंगे।

36 निविदाकर्ता नाबालिग, अयोग्य व ब्लैक लिस्टड घोषित नहीं होना चाहिए। निविदादाता न्यायालय से घोषित अपराधी/दीवालिया करार नहीं होना चाहिए।

37 लेबर प्रति दिन बदली नहीं जावेगी एवं ठेकेदार अपराधी प्रवृति के व्यक्तियों को नियोजित नहीं करेगा।

38 ठेकेदार/प्रतिनिधि को अपनी उपस्थिति प्रति दिन प्रभारी गुण नियंत्रण एवं प्रभारी एस्टेट को को देनी होगी।

39 लेबर आने व जाने की प्रति दिन गैट एन्ट्री के बाद ही आ जा सकेगी।

40 **पेस्ट कन्ट्रोल का कार्य संघ की गुण नियंत्रण शाखा से अनुमोदित ब्राण्ड़ेड केमिक्ल/इन्सेक्टीसाईड से सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। किसी भी स्थिति में दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों से हानिकारक केमिक्ल/इन्सेक्टीसाईड सम्पर्क में नहीं आये।**

**प्रबन्ध संचालक**

कोटा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड
अकेलगढ, रावतभाटा रोड, कोटा (राज.) – 324 010
*ISO 9001:2015 & ISO 22000:2005 (FSMS) Certified Dairy*
*E-mail: kotadairy@yahoo.co.in*

वित्तीय निविदा का प्रारूप

Validate Print Help

## Item Rate BoQ

Tender Inviting Authority: **KOTA ZILA DUGDH UTPADAK SAHAKARI SAMITI LTD.**

Name of Work: कोटा डेयरी सयंत्र पर पेस्ट कन्ट्रोल का कार्य।

Contract No: KD/23-24/F.PESTCONTROL/

| Name of the Bidder/ Bidding Firm / Company : | |
|---|---|

**PRICE SCHEDULE**

(This BOQ template must not be modified/replaced by the bidder and the same should be uploaded after filling the relevent columns, else the bidder is liable to be rejected for this tender. Bidders are allowed to enter the Bidder Name and Values only )

| Sl. No. | Item Description | Units | Basic RATE In Rs. Per Day excluding GST (To be entered by the Bidder) Rs. P |
|---|---|---|---|
| 1.01 | कोटा डेयरी सयंत्र पर पेस्ट कन्ट्रोल के कार्य हेतु | दर रुपये प्रति माह | |

नोटः–

1. कार्य की दर पी.एफ./ई.एस.आई./जी.एस.टी सहित देनी होगी।
2. कुशल, अकुशल एवं अर्दकुशल श्रमिकों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अनुसार न्यूनतम मजदूरी दर से भुगतान देना होगा।
3. सभी कार्मिकों को भुगतान बैंक के माध्यम से करना अनिवार्य है।